हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 17.2 डिग्री

4
साइबर ठगी पर करारा वार, ख़ौफ द डिजिटल वॉर की लॉन्चिंग



## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम तमता निवासी स्व. शिवकांती चौहान का सांप के काटने से 27 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति सुलेन्द्र चौहान हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर 8 को

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर का आयोजन 8 अप्रैल को कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रातः 11.00 बजे किया जा रहा है। शिविर में जनपद पंचायत कुनकुरी अन्तर्गत समस्त दिव्यांग जनो का प्रमाणीकरण तथा पूर्व में जारी प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया जावेगा। उक्त शिविर में आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार नम्बर में रजिस्टर्ड मोबाइल जिसमें ओटीपी आता हो, फोटोग्राफ जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित हो, जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ ले सकेंगे। यदि आधार से लिंक मोबाइल नंबर अपडेट करने की आवश्यकता है तो पूर्व से ही आधार केन्द्र में मोबाइल नंबर अपडेट करवाना होगा।

### छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर होगा विवि का घेराव

**अंबिकापुर।** छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर एनएसयूआई अब उग्र प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। वर्षों से बंद पड़े हुए छात्र संघ चुनाव को फिर से शुरू कराने लिए एनएसयूआई द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद भी कोई पहल होने पर अब भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने प्रदर्शन की योजना बनाई है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव की बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। एनएसयूआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी 6 अप्रैल की दोपहर 12 बजे राजीव भवन में एकत्रित होंगे इसके बाद भकुरा स्थित संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।

### अर्जी लखदातार की भव्य भजन संध्या 8 को

**प्रतापपुर।** धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल को और अधिक भक्तिमय बनाने के उद्देश्य से प्रतापपुर में अर्जी लखदातार की 3.0 के तहत भव्य भजन संध्या एवं कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 8 अप्रैल की शाम 7.15 बजे से अग्रसेन भवन के सामने आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन लखदातार परिवार द्वारा किया जा रहा है, जिसमें अंकुर अग्रवाल, सुमित गुप्ता, शुभम मित्तल, अंकित तायल, अमन गर्ग एवं आकाश मित्तल शामिल हैं। आयोजन में भव्य दरबार एवं पूजा के साथ-साथ भजन-कीर्तन, श्याम रसोई, 56 भोग अर्पण, सवा मणि प्रसाद एवं इत्र वर्षा जैसे विशेष धार्मिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। श्रद्धालुओं के लिए भक्ति और प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। भव्य भजन संध्या में देश के विभिन्न स्थानों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। रापटगंज से संजीव शर्मा, कोलकाता से निहाल ठाकरान तथा शक्ति से अभिषेक गर्ग कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति देंगे।

### बाइक भिड़ंत में गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम कुंडपान में दो बाइक के सामने-सामाने भिड़ंत हो जाने से घायल एक ग्रामीण को रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम विमलापुर निवासी अवधेश कुमार चौधरी आ. रामप्रीत चौधरी (36 वर्ष) 3 अप्रैल को गांव के अपने साथी के साथ बाइक से काम करने सुन्दरपुर गया था।

# छत्तीसगढ़ की धरती के कण-कण में बसे हैं श्रीराम: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





## संत चिन्मयानंद के श्रीमुख से श्रीराम कथा का हो रहा वाचन

■ कथा का रसपान करने उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

कुनकुरी में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव ने जन-जन के हृदय में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संचार कर पूरे वातावरण को राममय बना दिया है। संत चिन्मयानंद बापू के श्रीमुख से अमृतमयी श्री राम कथा का रसपान करने हेतु पंचम दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आयोजन स्थल सलियाटोली मिनी स्टेडियम ग्राउंड पहुंचे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय भी साथ थी।

मुख्यमंत्री एवं उनकी धर्मपत्नी ने संत चिन्मयानंद बापू जी से आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने वक्तव्य में भगवान श्री राम के आदर्श जीवन और चरित्र का वर्णन करते हुए उसे अपने जीवन में आत्मसात करने का सार्थक संदेश भी दिया। छत्तीसगढ़ की धरती के कण-कण में बसे हैं भगवान श्रीराम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में प्रभु श्रीराम कथा रसपान के इस पावन आयोजन में व्यासपीठ पर विराजमान संत चिन्मयानंद बापू को सादर नमन किया और कहा कि आज कुनकुरी की यह पावन धरा धन्य हो गई है। सलियाटोली का यह स्टेडियम श्रीराम कथा के रसपान से साक्षात श्रीराम का धाम बन गया है। चारों तरफ 'जय श्री राम' की गूंज सुनाई दे रही है। भक्ति का ऐसा संगम देखकर मन गदगद है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का छत्तीसगढ़ से बहुत गहरा रिश्ता है। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है। यह भगवान श्रीराम का ननिहाल है। जहाँ भांजे के रूप में भगवान श्रीराम घर-घर में पूजे जाते हैं। जब भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास हुआ, तब उन्होंने अपना सबसे अधिक समय इसी दंडकारण्य व छत्तीसगढ़ के जंगलों में बिताया। यहाँ के कण-कण में राम व्याप्त हैं।

वनवास के समय के यहां पर सीता रसोई जैसे कई निशाना मौजूद हैं। यहां की मिट्टी में राम की खुशबू है। यह हम सब का सौभाग्य है कि हमने उस कालखंड में जन्म लिया, जब अयोध्या में भगवान श्रीराम फिर से प्रतिष्ठित हुए हैं। श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत को पूरी दुनिया में गौरवान्वित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प से यह संभव हो सका है। प्रधानमंत्री ने वादा किया था कि हम प्रभु श्रीराम के ननिहाल के श्रद्धालुओं को श्रीराम लला के दर्शन कराएंगे। सरकार बनते ही रामलला दर्शन योजना शुरू की है। अभी तक लगभग 42 हजार भक्त रामलला के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस के कण-कण में विराजमान हैं। जांजगीर क्षेत्र में तो प्रभु श्रीराम की भक्ति विशेष रूप से दिखाई देती है, जहां रामनामी समुदाय के लोग अपने रोम-रोम में राम का नाम बसाए हुए हैं।

वे अपनी आस्था और समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने पूरे शरीर पर राम-राम का गोदना अंकित कराते हैं। उन्होंने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल और 100 टन से अधिक हरी सब्जियां भेजी गई थीं। यह विशेष भोग, ननिहाल के प्रेम और 500 वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु की स्थापना के उपलक्ष्य में भेजा गया था। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से गई डॉक्टरों की टीम एवं मेडिकल स्टाफ ने अयोध्या में राम भक्तों के लिए स्वास्थ्य जांच और उपचार की सेवाएं प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने अवैध धर्मांतरण को रोकने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू किया है। इस कानून में शामिल कड़े प्रावधानों के माध्यम से निश्चित रूप से अवैध धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, संयोगिता सिंह जूदेव, सुनील गुप्ता, उपेंद्र यादव, सुनील अग्रवाल, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन भी मौजूद रहे।

## देशहित के लिए निरंतर कार्य कर रही भाजपा: मुख्यमंत्री

# भाजपा स्थापना दिवस पर सीएम ने निज निवास में फहराया झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निज निवास बगिया में पार्टी का ध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के मूल सिद्धांतों, राष्ट्र सेवा और संगठन की मजबूती पर जोर दिया।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जो देशहित और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा आम जनता की सेवा में समर्पित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण का माहौल देखने को मिला।

### जनकल्याण और देशहित के लिए हमेशा समर्पित रही है पार्टी: साय



**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कुनकुरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पार्टी का ध्वज फहराया और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में भाजपा के मूल सिद्धांतों, राष्ट्र सेवा और संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी हमेशा जनकल्याण और देशहित के लिए समर्पित रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आम जनता की सेवा में निरंतर लगे रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण का माहौल देखने को मिला।

# लापरवाही बरतने पर एमएलटी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला चिकित्सालय जशपुर के एमएलटी संतोष कुमार वाणिक को ब्लड बैंक में रक्त प्रदाय करने में गंभीर लापरवाही बरतने और वरिष्ठ अधिकारी के हस्ताक्षर का स्पष्ट दुरुपयोग करते हुए गंभीर अनुशासनहीनता करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किए हैं। निलंबन अवधि में श्री वाणिक का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा निर्धारित किया गया है।

निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। विदित हो कि जिला चिकित्सालय जशपुर के ब्लड सेंटर प्रभारी अधिकारी, पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ० ममता सिंह के द्वारा 13 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय जशपुर के एमएलटी संतोष कुमार वाणिक के विरुद्ध प्राप्त शिकायत के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संतोष कुमार वाणिक के द्वारा 23 मार्च को उक्त नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत जवाब के अवलोकन एवं परिशीलन से स्पष्ट हुआ कि उनके द्वारा ब्लड बैंक में रक्त प्रदाय दाय करने में गंभीर लापरवाही बरती गई है तथा अपने वरिष्ठ अधिकारी के हस्ताक्षर का स्पष्ट दुरुपयोग करते हुए गंभीर अनुशासनहीनता की गई है। साथ ही उनके द्वारा बरती गई समस्त त्रुटियों का दोषारोपण अन्य अधिकारी-कर्मचारी पर करते हुए जिम्मेदारियों से बचने की चेष्टा की जा रही है। प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नही पाया गया, जो छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत होने के कारण कलेक्टर श्री व्यास द्वारा संतोष कुमार वाणिक एमएलटी जिला चिकित्सालय जशपुर को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# सभी मंडलों में सादगीपूर्ण ढंग से किया गया ध्वजारोहण

■ पूर्व विधायक जागेश्वर राम के निधन के कारण सादगी पूर्ण कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय जशपुर सहित जिले के सभी मंडलों में भाजपा का स्थापना दिवस सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय के नेतृत्व में पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। हालांकि जशपुर के पूर्व विधायक जागेश्वर राम भगत के निधन के कारण स्थापना दिवस के अवसर पर निर्धारित अन्य सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया और कार्यक्रम को सादगी के साथ संपन्न किया गया।



### इनकी रही उपस्थिति

जिला कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, बलरामपुर जिला संगठन प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, मंगलनाथ सिंह, संतोष सिंह, राजकपूर भगत, रूपेश सोनी, फैजान सरवर खान, शरद चैरसिया, देवधन नायक, मुकेश सोनी, नेहरू सिंह, रोपण राम, सतीश गोस्वामी, आशु राय, दीपक गुप्ता, दीपू मिश्रा, कंचन बैरागी, नीतू गुप्ता, शैलेन्द्री यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 280 मरीज चिकित्सा शिविर से हुए लाभान्वित

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष संभव राम के निर्देशन में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रारंभ किए गए चक्षु अभियान के तहत विकास खंड जशपुर के ग्राम नारायणपुर (चिरवारी) में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सह अन्य रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार, 5 अप्रैल को किया गया। यह शिविर शासकीय प्राथमिक शाला नारायणपुर (चिरवारी) के प्रांगण में प्रातः 10.30 बजे ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अघोरेश्वर भगवान राम एवं वर्तमान अध्यक्ष संभव राम के चित्रों पर विधिवत पूजन-आरती एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया, जो सायं 4.30 बजे तक अनवरत चलता रहा। शिविर में कुल 280 मरीजों की चिकित्सा की गई जिसमें 143 के नेत्र परीक्षण के पश्चात 136 मरीजों को तत्काल पावर वाले चश्मे एवं आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। नेत्र परीक्षण की सेवा टीपी कुशवाहा (जशपुर) द्वारा दी गई। शिविर के दौरान चिन्हित 12 मोतियाबिंद के मरीजों को जशपुर जाकर ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई।

# कलाकारों ने बताया: अंधविश्वास ने आज भी लोगों को जकड़ा

■ जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन दर्शकों ने लगाए ठहाके

**जशपुरनगर।** जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को वशिष्ट कम्युनिटी हॉल में मंच सजा तो माहौल हल्का-फुल्का लगा, लेकिन जैसे ही छत्तीसगढ़ी गवईहां लोक नाट्य संस्था मोहंदी की गम्मत शुरू हुई, हंसी के साथ-साथ समाज पर तीखे सवाल भी उठने लगे। पारंपरिक गम्मत शैली में कलाकारों ने ऐसी प्रस्तुति दी, जिसमें दर्शक ठहाके भी लगाते रहे और भीतर ही भीतर सोचने को भी मजबूर होते रहे। संवादों में चुटीलापन था, लेकिन उनके पीछे छिपा संदेश बेहद गंभीर था। अंधविश्वास, झाड़-फूंक, सामाजिक भेदभाव और बदलती जीवनशैली में खोते संस्कारों को कलाकारों ने सीधे निशाने पर लिया।

गम्मत की सबसे बड़ी ताकत यही रही कि उसने बिना उपदेश दिए, सहज हास्य के जरिए समाज की सच्चाई सामने रख दी। एक-एक दृश्य में ग्रामीण- समाज की झलक थी, जहां छोटी-छोटी बातों के जरिए बड़ी समस्याओं को उजागर किया गया। कलाकारों ने दिखाया कि किस तरह अंधविश्वास आज भी लोगों की सोच को जकड़े हुए है और कैसे जागरूकता की कमी समाज को पीछे धकेल रही है।



### लोकभाषा और लोकशैली ने बांधा समा

प्रस्तुति की खास बात रही इसकी पूरी तरह छत्तीसगढ़ी रंगत। लोकभाषा, पारंपरिक गीत-संगीत और देहाती अंदाज ने दर्शकों को अपनी जड़ों से जोड़ दिया। मंच पर कलाकारों की ऊर्जा और संवाद अदायगी इतनी प्रभावी रही कि हॉल तालियों और ठहाकों से बार-बार गूंजता रहा। गम्मत ने साफ कर दिया कि लोकनाट्य सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला सशक्त माध्यम भी है। कलाकारों ने शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए यह बताया कि बदलाव की शुरुआत हर व्यक्ति से होती है। नाचा गम्मत शैली में सजी यह प्रस्तुति थी 'अलकरहा समय, जिसका निर्देशन किया है परमेश्वर ने. निर्देशक की कोशिश है कि कलाकारों और दर्शकों को पारंपरिक नाट्य रुप का दर्शन करा सकें॰ प्रस्तुति के कलाकार- जोकर- परमेश्वरी, रोशन विश्वकर्मा, रोशन कोसरे, लिकेश्वर साहू, डोमन, खेलन, कुमेश, डाकेश्वर रजक, भूपेंद्र यादव, रूपेंद्र साहू, कौशिक, प्रफुल्ल रजक, ईश्वरी साहू। जशपुर के स्कूली छात्र छात्राओं के लिए अभिनय पर मास्टरक्लास का आयोजन 11 बजे से किया गया है जिसके प्रशिक्षक प्रोफेसर भगवान तिवारी होंगे।

## रंग, नाटक और काव्य के बिना जीवन व्यर्थ: मिश्रा

■ कहा नाटक में समाहित है पूरी सृष्टि, रंगमंच सृजन का सर्वोच्च स्थान

**जशपुरनगर।** सांस्कृतिक चेतना के उभरते केंद्र के रूप में पहचान बना रहा जशपुर इन दिनों रंगमंच की ऊर्जा से सराबोर है। पांच दिवसीय जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के दौरान प्रख्यात रंगकर्मी और अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्रा ने रंगमंच की महत्ता और जीवन से उसके गहरे संबंध पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यशरंग जैसे प्रयास ही किसी क्षेत्र को नई पहचान देते हैं। "जशपुर जैसे स्थानों में जब इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां होती हैं, तो यह केवल आयोजन नहीं होता, बल्कि एक आंदोलन की शुरुआत होती है। यही प्रयास जशपुर को 'यशपुर' बनाएगा।



मिश्रा ने कहा कि हर स्थान पर कुछ ऐसे लोग जन्म लेते हैं, जो अपने कर्म और समर्पण से उस जगह को राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करते हैं। जशपुर में यशरंग इसी दिशा में काम कर रहा है, जो आने वाले समय में बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बन सकता है।

### नाट्यशास्त्र का दिया उदाहरण

अखिलेन्द्र मिश्रा ने अपने वक्तव्य में भरतमुनि के नाट्यशास्त्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन ग्रंथों में भी नाटक को सर्वोच्च कला माना गया है।"भरतमुनि ने कहा है कि नाटक में जीवन का हर आयाम मौजूद है। पूरी सृष्टि का सार नाटक में समाहित है। रंगमंच पर ब्रह्मा का स्थान है, क्योंकि यह सृजन का केंद्र है।

### सभी कलाओं का संगम है रंगमंच

उन्होंने बताया कि नाटक एक ऐसी विधा है, जिसमें साहित्य, संगीत, अभिनय, नृत्य और दृश्य कला सभी का समन्वय होता है। यही कारण है कि रंगमंच समाज को संवेदनशील बनाता है और व्यक्ति के भीतर छिपी भावनाओं को अभिव्यक्त करने का अवसर देता है।

## खबर संक्षेप

### जिले में धर्म विधेयक के विरोध में रैली आज

**सूरजपुर।** जिले में धर्म अधिनियम विधेयक के विरोध में 6 अप्रैल को एक व्यापक विरोध रैली आयोजित की जाएगी। यह रैली संयुक्त मसीही सेवा समिति एवं ईसाई आदिवासी महासभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। संबंधित संगठनों ने इस विधेयक को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह कानून संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों को प्रभावित कर सकता है। संगठनों का मानना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 तक सभी नागरिकों को अपने धर्म के पालन एवं प्रचार-प्रसार की स्वतंत्रता प्रदान की गई है और प्रस्तावित विधेयक से इन अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। आयोजकों ने बताया कि रैली का आयोजन मंगल भवन से किया जाएगा, जहां से सुबह 10 बजे एकत्रित होकर मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे। रैली के समापन पर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्ष अजय लाल ने बताया कि यह रैली लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का माध्यम है और इसमें सभी समुदायों के लोगों से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है।

### एनसीए कैंप के लिए छत्तीसगढ़ से तेज गेंदबाज रोहित यादव का चयन

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिला ड्यूस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में संचालित बिश्रामपुर टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के युवा तेज गेंदबाज रोहित



यादव का चयन नेशनल क्रिकेट एकेडमी के लिए हुआ है जिससे नगर के खेल प्रेमियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल बना है। अकादमी के संचालक एवं कोच यूपी केशरी ने बताया कि रोहित यादव टैलेंट हंट क्रिकेट एकेडमी के मार्गदर्शन में विगत 8 वर्ष से अभ्यासरत है। यह सफलता उन्हें नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन से प्राप्त हुई है। रोहित यादव ने इस वर्ष वीनू मांकड ट्रॉफी व कुच बिहर ट्रॉफी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है जिसका उन्हें परिणाम मिला है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में एमएलए कोचिंग सेंटर के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सीतापुर।** छतीसगढ़ लोक सेवा आयोग समेत हाल ही में संपन्न हुए अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में एमएलए एजुकेशन कोचिंग सेंटर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 20 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने सीजीपीएससी समेत सी-टेट एवं सीजी टेट में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विदित हो कि शिक्षा को बढ़ावा देने एवं क्षेत्र के गरीब प्रतिभावान छात्र छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान करने विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा बीआरसी प्रांगण में एमएलए एजुकेशन कोचिंग सेंटर का संचालन कराया जा रहा है। नगर समेत क्षेत्र के बच्चे को योग्य शिक्षकों द्वारा निःशुल्क कोचिंग दिया जाता है। विगत दो वर्षों से संचालित इस कोचिंग सेंटर में पढ़ाई करने वाले दर्जनों छात्र छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त की है। इस बार भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं ने सिजीपीएससी समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। इनमें से असीम बेलास कुजूर का सीजीपीएससी में प्रिलिम्स के लिए चयन हो चुका है। इसके अलावा सी-टेट की परीक्षा में मीरा टोप्पो, नम्रता गुप्ता, रंजना खेस, मोहन पैंकरा, नीतू तिर्की, दीपिका, श्रद्धा टोप्पो, भद्रकाली टोप्पो ने सफलता हासिल की है। वही सीजी-टेट की परीक्षा में काजल सिंह, मानमोती नाग, दीपिका, नम्रता गुप्ता, नरेश पैंकरा, ओलिना तिर्की, ललित कुमार, करिश्मा, संगीता चौहान, सुमित्रा एक्का, श्रद्धा एवं निधि तिर्की ने सफलता हासिल की।

### रामानुजगंज के व्यापारियों ने झारखंड के वित्त मंत्री से की मुलाकात

**रामानुजगंज।** नगर के व्यापारी अनूप गुप्ता, जय गुप्ता, विकास दुबे एवं अमित गुप्ता ने झारखंड प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से भेंट की। मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने मंत्री को उनके छत्तीसगढ़ प्रवास के समय रामानुजगंज में हुए प्रवास की याद दिलाई। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की सादगी, आत्मीयता और सहयोग भाव की भी सराहना की। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इस अवसर पर अनूप गुप्ता के भांजे विपुल गुप्ता को संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी परीक्षा में 103 वीं रैंक प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल परिवार, बल्कि छत्तीसगढ़ और झारखंड दोनों राज्यों के लिए गौरव का विषय है। मुलाकात दौरान क्षेत्रीय विकास और आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर भी चर्चा की गई।

आग की घटनाओं के दौरान लगानी पड़ती है कार्यालय तक की दौड़

# शहर में दमकल विभाग को खल रही वाटर हाइड्रेंट की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- समय बर्बाद होने से होता है ज्यादा नुकसान

शहर का दमकल विभाग वाटर हाइड्रेंट के बगैर ही संचालित हो रहा है। आगजनी की घटना के बाद आग बुझाने के दौरान हर बार दमकल विभाग की टीम को अपने दमकल वाहनों को भरने के लिए फायर स्टेशन जाना पड़ता है। यही वजह है कि शहर में अब सभी चौक चौराहों पर वाटर हाइड्रेंट की जरूरत महसूस की जा रही है। दमकल विभाग के पास पहले से ही वाटर हाइड्रेंट मौजूद थे लेकिन बाद में इन वाटर हाइड्रेंट को हटा दिया गया जिससे दमकल कर्मियों को आग बुझाने के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

नगर निगम क्षेत्र में कहीं भी आगजनी की घटना होने पर आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की टीम को बुलाया जाता है। दमकल की टीम भी अपने वाहनों के साथ समय रहते मौके पर पहुंचती है और आग बुझाने का काम करती है लेकिन पिछली कुछ आगजनी की घटनाओं के दौरान दमकल विभाग को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। आग बुझाने के दौरान अत्यधिक ताकत के साथ पानी डालने का काम किया जाता है और यही वजह है कि दमकल वाहनों की टंकियां जल्द ही खाली हो जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि आगजनी की घटनाओं में समय का काफी महत्व होता है और आग बुझाने में जितनी देरी होती है उतना ही नुकसान बढ़ता जाता है। जब आग बुझाने के दौरान दमकल वाहनों की टंकियां खाली हो जाति है तो उन्हें पानी भरने के लिए वापस दमकल कार्यालय या किसी वाटर हाइड्रेंट तक जाना पड़ता है। यदि आग छोटी है तो कम वाहनों से काम चल जाता है लेकिन यदि आग विकराल होती है दमकल विभाग को अपने सभी वाहनों को लगाना पड़ता है और इसमें भी दमकल वाहनों की टंकियों को जल्दी जल्दी भरना पड़ता है। यही वजह है कि अब शहर में वाटर हाइड्रेंट की कमी दमकल विभाग को खल रही है। इस मामले में दमकल के अधिकारियों का कहना है कि वाटर हाइड्रेंट लगाने का काम नगर निगम द्वारा किया जाना है और इस हेतु पूर्व में अधिकारियों से चर्चा की गई थी लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है।




कार्यालय में खड़े दमकल वाहन।

#### सूख गया दमकल विभाग का बोर

बड़ी बात यह है कि दमकल विभाग के कार्यालय में पानी की आपूर्ति के लिए बोर कराया गया था। इस बोर से दमकल वाहनों की री-फीलिंग की जाती है लेकिन यह बोर पूर्ण रूप से सफल नहीं हुआ और गर्मी आने से पहले ही बोर सूख गया है। दमकल विभाग के पास वर्तमान में एक नल कनेक्शन है और नल कनेक्शन से मिलने वाले पानी को विभाग द्वारा कार्यालय परिसर में बनाए गए 50 हजार लीटर की टंकी में मोटर पंप के माध्यम से भरा जाता है लेकिन यह दमकल विभाग के पास पानी का कोई साधन नहीं है।

#### पहले थे 7 वाटर हाइड्रेंट

वाटर हाइड्रेंट की व्यवस्था शहर में पूर्व से रही है। नगर निगम क्षेत्र में पहले गांधीनगर, बाबरा के पास, त्रिकोण चौक, मणिपुर, फायर स्टेशन, धोबी घाट, चोपड़ा पारा वाटर हाइड्रेंट मौजूद थे लेकिन अब सिर्फ और सिर्फ पुराने फायर स्टेशन और मायापुर पानी टंकी के पास ही दमकल वाहनों को भरने की व्यवस्था है। वर्तमान में शहर का विकास तेजी से हुआ है। शहर का क्षेत्रफल बढने के साथ ही घनत्व भी बढ़ा है और घटनाएं भी इसी क्रम में लगातार बढ़ रही है। ऐसे में अब दमकल विभाग को शहर के प्रमुख चौक चौराहों और चिन्हांकित स्थानों पर वाटर हाइड्रेंट की कमी खल रही है। वाटर हाइड्रेंट मुख्य रूप से चौक चौराहों पर स्थापित होते है और इनका पानी टंकियों से सीधा कनेक्शन होता है। जरुरत पड़ने पर दमकल की टीम वाटर हाइड्रेंट सिस्टम से अपने वाहनों को जोड़कर कम समय में पानी भरकर आग बुझाने का काम कर सकती है लेकिन वर्तमान में इस तरह कोई व्यवस्था नहीं है।

#### की गई है चर्चा

दमकल विभाग के लिए वाटर हाइड्रेंट काफी महत्वपूर्ण है। पूर्व में शहर में सात स्थानों पर वाटर हाइड्रेंट मौजूद थे लेकिन समय के साथ ज्यादातर वाटर हाइड्रेंट हट गए। हमने पूर्व में नगर निगम से इस संबंध में इस विषय में चर्चा की थी। एक बार फिर से इस सम्बन्ध में चर्चा की गई है।

-शिवकुमार कठोतिया
कमांडेंट, नगर सेना



## प्रबंध संचालक भीम सिंह ने किया जिले का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- दूरस्थ ग्रामों में विद्युतीकरण को मिली रफ्तार

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक भीम सिंह ने 4 अप्रैल जिले का दौरा किया। उनके आगमन से विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का विशेष वातावरण रहा। ग्राम खड़ापारा में विभागीय अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया, जिसके पश्चात वे ओड़गी होते हुए ग्राम मसानकी एवं ग्राम बांक पहुंचे और प्रस्तावित विद्युतीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

यह कार्य राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत स्वीकृत है। विकासखंड ओड़गी के इन दूरस्थ, दुर्गम एवं अब तक विद्युत-विहीन ग्रामों में शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होने से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। बिजली उपलब्ध होने से ग्रामीणों को घरेलू सुविधाओं के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, लघु उद्योग और रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि संबंधित कार्यों हेतु सर्वे, लागत अनुमान, प्रशासनिक स्वीकृति तथा तकनीकी स्वीकृति पूर्व में प्राप्त की जा चुकी है और वर्तमान में कार्य निविदा प्रक्रिया में है। प्रबंध संचालक ने कार्य की तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए निविदा प्रक्रिया को निर्धारित 21 दिवस के स्थान पर मात्र 10 दिवस में पूर्ण किए जाने की स्वीकृति प्रदान की, जिससे कार्य प्रारंभ होने की प्रक्रिया तेज होगी। ग्राम मसानकी में प्रस्तावित लाइन के संपूर्ण सर्वे रूट का सूक्ष्म निरीक्षण करने के पश्चात वे ग्राम बांक पहुंचे, जहां उन्होंने स्थल की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संभावित तकनीकी चुनौतियों का आकलन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं स्पष्ट निर्देश दिए, ताकि कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की बाधा न आए।

रूट सर्वे के दौरान कुछ ग्रामीणों से भेंट करते हुए प्रबंध संचालक ने उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही पारंपरिक माध्यम से उनके गांवों में विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य शीघ्र प्रारंभ कर आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। इस अवसर पर रायपुर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता अनीस लखेरा भी उपस्थित रहे। साथ ही अंबिकापुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता यशवंत शिलेदार, परियोजना वृत्त बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता वीके तिवारी, वृत्त अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता केएन सिंह, कार्यपालन अभियंता सूरजपुर मुकेश ध्रुव, कार्यपालन अभियंता बसंत सोम, सहायक अभियंता भैयाथान उपसंभाग विवेक पैकरा, सहायक अभियंता शादाब अहमद सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला की बेरहमी से हत्या के बाद कांग्रेस ने शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव हुई शामिल, आज मौन प्रदर्शन

महामाया प्रवेश द्वार के पास महिला से दुराचार और जघन्य हत्याकांड को लेकर युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव लिली श्रीवास के नेतृत्व में रविवार को युवा कांग्रेस सरगुजा ने गांधी चौक स्थित डेटा सेंटर के समक्ष चरणबद्ध धरना प्रदर्शन की शुरुआत की। संभावना यह है कि इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब भी आगामी 2-3 दिनों में अम्बिकापुर आ सकते हैं।



इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव लिली श्रीवास ने कहा कि मां महामाया की धरती में मां महामाया के द्वारा पर हुई यह घटना शर्मनाक है। दिल्ली जैसी निर्भया कांड पर भाजपा के महिला शक्ति की चुप्पी बेहद गंभीर है। वास्तव में महिलाओं के प्रति होने वाले घृणित अपराधों से भाजपा को कोई परेशानी नहीं होती क्योंकि ऐसे अपराधियों का यह दल फूलमालाओं से स्वागत करती। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कल महिला कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान चलाया था। सड़कों से गुजरने वाली महिलाएं स्वस्फूर्त उस हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा ले रही थी। यह बतलाता है कि इस घटना को लेकर महिलाओं में कितना आक्रोश है। वो अपने हस्ताक्षर के माध्यम से यह संदेश दे रही हैं कि उनका विश्वास कानून व्यवस्था पर समाप्त हो चुका है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कानून व्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक महिला जिसके साथ बीच चौराहे पर हैवानियत हो रही थी वो सहायता के लिए रात 1 बजे से 4 बजे तक चीखती रही लेकिन शहर की सुप्त पुलिस पेट्रोलिंग को कुछ अता पता ही नहीं चला। निगम प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन के नाम पर अम्बिकापुर निगम में बहुमत हासिल करने वाली भाजपा रोड लाईट तक का सही इंतजाम नहीं कर पा रही है। सड़कों पर पसरे अंधेरे ने इन वारदातों की संभावनों को और भी बढ़ा दिया है। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने ऐसी घटनाओं के लिए पुलिस की संवेदनहीनता को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों से निपटने और उसकी ठोस विवेचना कर आरोपी को फांसी के फंदे तक पहुंचने से ही ये अपराध रुकेंगे। लेकिन ऐसे मामलों में भी पुलिस संवेदना हीन बनकर एक रूटीन जांच कर रही है जिससे आरोपी बच जा रहे हैं। वहीं चरणबद्ध प्रदर्शन के तहत 6 अप्रैल को युवा कांग्रेस डेटा सेंटर के सामने मौन प्रदर्शन करेगी। युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ने कहा है कि आरोपी के गिरफ्तार होने तक युवा कांग्रेस लगातार प्रदर्शन करेगी। इस धरना प्रदर्शन के दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व अध्यक्ष अजय अग्रवाल, संजय विश्वकर्मा, मो इस्लाम, इंद्रजीत सिंह धंजल, सीमा सोनी, लक्ष्मी दास, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, लोकेश कुमार, आलोक सिंह, अशफाक अली, जीवन यादव, विकल झा, प्रीति सिंह, सोहन जायसवाल, रजनीश सिंह, निक्की खान, सतीश बारी, अमित सिन्हा, अविनाश कुमार, अमित सिंह, विकास गुप्ता, आतिफ खान, सीपू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### तहसीलों में शासकीय भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज करने प्रस्तुत आवेदन पर रोक लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों ने जिले के विभिन्न तहसीलों में शासकीय भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज, नामांतरण करने हेतु प्रस्तुत आवेदनों पर रोक लगाने एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ने बताया है कि जिले के विभिन्न तहसीलों में हाल के समय में बढ़ी संख्या में ऐसे आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं जिनमें शासकीय भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज, नामांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति विधि के प्रतिकूल है साथ ही राजस्व अभिलेखों की सूची एवं शासकीय भूमि की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न चिन्ह उत्पन्न हो रहा है। वक्फ अधिनियम 1995 के अनुसार वक्फ केवल उस संपत्ति का हो सकता है जो किसी व्यक्ति के निजी स्वामित्व की हो, शासकीय भूमि राज्य की संपत्ति है अतः इसका वक्फ के रूप में समर्पण विधि सम्मत नहीं। विभिन्न तहसीलों एक साथ इस प्रकार के आवेदन प्रस्तुत होना इस बात की ओर संकेत करता है कि यह एक सुनियोजित प्रयास हो सकता है. जिससे शासकीय भूमि पर अवैध अधिकार स्थापित किया जा सके। विश्व हिंदू परिषद ने शासकीय भूमि को वक्फ सम्पत्ति के रूप में दर्ज, नामांतरण करने संबंधी आवेदनों पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान विनित कुमार गुप्ता, सुरेश सोनी, राजकुमार केसरी, अंकुश, लक्ष्मी सिंह, गौतम सिंह, विनय दास, संजीत गुप्ता, अविनाश तिवारी, विकास, गुंजन, अमित सहित अन्य मौजूद रहे।



## महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के बाद महिला कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

- 11 मीटर की श्वेत साड़ी पर ले रहे हस्ताक्षर

**अंबिकापुर।** महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों के विरोध में सरगुजा जिला महिला कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई है। मां महामाया प्रवेश द्वार के पास महिला के साथ दुष्कर्म और हत्या किए जाने की घटना के बाद महिला कांग्रेस ने यह अभियान चलाया।



महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सोनी ने कहा कि इस महिला के साथ हुई जघन्य वारदात दिल्ली में हुए निर्भया कांड की याद दिलाती है। ऐसा नहीं है कि ये कोई पहली घटना है। दशहरा के दिन शहर के एक पेट्रोल पंप पर एक युवती की सरेआम हत्या कर दी गई है। हाल ही में मणिपुर थाना के पास ऐसी ही परिस्थितियों में एक महिला की लाश मिली थी। इन अपराधों के विरोध में महिला कांग्रेस ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जाकर आमजन से उनका हस्ताक्षर प्राप्त कर उसे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को प्रेषित करने का निर्णय लिया है। महिला कांग्रेस 11 मीटर की श्वेत साड़ी पर आमजन के हस्ताक्षर को प्राप्त करेगी। उनके इस अभियान की हौसलाअफजाई के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि टीएस बाबा के अम्बिकापुर का विधायक रहते इस शहर और जिला और संभाग में अपराधों और अपराधियों पर लगाम थी। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते वे निरंतर कानून व्यवस्था की स्थिति पर कड़ाई से नजर रखते थे। लेकिन 2023 के चुनावों के बाद इस क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति में जो गिरावट आई है उसके कई दुष्परिणामों में से एक घटना बीती रात हुई जो दिल्ली के निर्भया कांड जैसी ही है।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया 13.22 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

भटगांव विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विकास को गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने 13.22 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के तहत भैयाथान व ओड़गी विकासखंड में बांध मरम्मत, सड़क और पुलिया निर्माण कार्यों की विधिवत पूजा-अर्चना कर शुरुआत की गई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने भैयाथान विकासखंड के ग्राम सांवरावा में 1.36 करोड़ रुपए की लागत से जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही प्रतापपुर–भैयाथान मुख्य मार्ग से परसापारा तक लगभग 5 किमी लंबी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया, जिसकी लागत 7.66 करोड़ रुपए है। ओड़गी विकासखंड के ग्राम हरिहरपुर छतरंग रोड में कागज नाला पर 4.19 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पुल का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि कृषि और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसान के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सांवरावा बांध के जीर्णोद्धार से करीब 100 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और 400 से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान सुनील साहू, शांतनु गोयल, राजीव प्रताप सिंह, शीतल गुप्ता, रामू गोस्वामी, सुभाष राजवाड़े, प्रकाश दुबे, सीताराम भास्कर, अमन प्रताप सिंह,नेहा तिवारी,नीरू गुप्ता,रूपेंद्र कुशवाहा सहित लोक निर्माण विभाग व जल संसाधन विभाग के अधिकारी, सभी ग्रामों के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दनौली खुर्द में निकाली गई बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भैयाथान के ग्राम पंचायत दनौली खुर्द में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत यूनिसेफ एवं अग्रिकोन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान ने गाँव के बच्चों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक सभी को एकजुट कर बाल विवाह के विरुद्ध एक सशक्त संदेश दिया।

गाँव के छोटे-छोटे बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही , जिन्होंने बाल विवाह के विरुद्ध भावपूर्ण चित्र बनाकर जागरूकता रैली को जीवंत और प्रभावशाली बनाया। बच्चों की इस पहल ने उपस्थित ग्रामीणों को गहराई से प्रभावित किया। ग्राम पंचायत सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और युवोदय स्वयंसेवकों ने मिलकर बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर बताया गया कि कानूनी रूप से लड़की की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष एवं लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम आयु में विवाह करना कानूनन अपराध है, जिसमें 2 वर्ष की जेल और 1 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान है।

## आंधी से भरभराकर गिरी निर्माणाधीन आवसीय विद्यालय की दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- लोगों ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल अधिकारियों ने दिए जांच के निर्देश

दो दिनों पूर्व आए हल्के आंधी तोफान में निर्माणाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की दीवार भरभराकर गिर गई। दिवार के इस तरह गिरने से निर्माण की गुणवत्ता सवालों के घेरे में आ गई है। बड़ी बात यह है कि घटना के दौरान मौके पर कोई मजदूर मौजूद नहीं था जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं घटना के बाद निर्माण की गुणवत्ता के साथ ही छात्रों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों ने चिंता जाहिर की है।



जानकारी के अनुसार लडुवा नवापारा में लगभग 38 करोड़ रूपए की लागत से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास किया गया था और निर्माण कार्य की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की एजेंसी को सौंपी गई है, जबकि इसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर से की जा रही है। निर्धारित समय सीमा में भवन निर्माण पूर्ण किया जाना था, लेकिन समय सीमा बीतने के बावजूद कार्य अधूरा है। विभाग द्वारा ठेकेदार को अतिरिक्त समय भी दिया गया है इसके बावजूद निर्माण की गति और गुणवत्ता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि भवन निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए था, लेकिन मौके पर स्थानीय स्तर की ईटों और कम मात्रा में सीमेंट के उपयोग की बात सामने आ रही है। इससे भवन की मजबूती और सुरक्षा को लेकर संदेह उत्पन्न हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक ठेकेदार को अब तक लगभग 18 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है जबकि निर्माण कार्य अभी अधूरा है और गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। फिलहाल इस घटना के बाद क्षेत्र में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर असंतोष का माहौल है और लोग जल्द उचित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

इस संबंध में सहायक आयुक्त सुश्री समीक्षा जायसवाल ने बताया कि यह सेंट्रल एजेंसी का कार्य है, जिसकी मॉनिटरिंग राज्य स्तर से की जाती है। मामले की जानकारी राज्य स्तर पर दे दी गई है और शीघ्र ही जांच कराई जाएगी।



# ममूटी और मोहनलाल 17 साल बाद एक साथ

**मुंबई।** फिल्म 'पैट्रियट' में 17 साल बाद ममूटी और मोहनलाल एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। यह जासूसी थ्रिलर 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कहानी एक विवादास्पद खुफिया मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है। ममूटी डेनियल जेम्स की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मोहनलाल उनके पुराने दोस्त और सैनिक का किरदार निभा रहे हैं। ये दोनों एक गुप्त अभियान शुरू करते हैं ताकि साजिश का पर्दाफाश कर सकें और देश की रक्षा कर सकें। पैट्रियट का निर्माण एंटो जोसेफ और केजी अनिल कुमार ने एंटो जोसेफ प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है और इसे किचाप्पस एंटरटेनमेंट्स ने प्रस्तुत किया है।

लाइफ Style

# जाह्नवी डीपफेक्स का हुई शिकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने डीपफेक्स को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने अपने साथ स्कूल में हुई एक डिस्टर्बिंग घटना के बारे में भी बताया।

जाह्नवी ने कहा, मुझे नहीं पता इसे टेक्निकली डीपफेक कहेंगे, लेकिन ये कुछ ऐसा ही था. मैंने अपनी फोटोज अश्लील साइट पर देखी थी। हमारी आईटी क्लास थी स्कूल में। लड़के उन साइट्स पर जाते थे फन के लिए और मेरी फोटोज वहां थीं। मैं उस वक्त 15 साल की थीं। ये बहुत खराब एक्सपीरियंस था। आगे जाह्नवी ने कहा, एक प्वॉइंट पर, मुझे लगा क्यो? क्या ये वो कीमत है, जो आपको चुकानी पड़ती है? जैसे कि इन चीज़ों में कोई नैतिकता ही न हो। सोशल मीडिया पर सब अपनी बातें रख रहे हैं। अब नैतिकता के मामले में बिहेवियर थोड़ा-बहुत सुधरा है लेकिन बड़े पैमाने पर ये अभी भी समस्या है। बहुत से लोगों को ये नॉर्मल लगता है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए ऐसा होगा ही। जाह्नवी ने एआई जेनरेटेड फोटोज को लेकर भी कहा, इससे मैं शांति में नहीं हूं। मेरे कई ऐसे विजुअल्स हैं, यहां तक कि ऑफिशियल न्यूज पेजेस पर भी सर्कुलेट हुए हैं, जो पूरी तरह से एआई से बने हैं। मैंने कभी वो चीजें नहीं पहनी, मैंने कभी वैसे फोटोज नहीं क्लिक करवाए। लेकिन वो ऐसे सर्कुलेट हुए जैसे वो रियल हैं। जाह्नवी ने फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# इतिहास के पन्नों को पलटा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप आइकन टेलर स्विफ्ट ने एक बार फिर अपने संगीत के जरिए इतिहास के पन्नों को पलटा है। अपने हालिया एल्बम 'द लाइफ़ ऑफ़ अ शोगर्ल' के तीसरे सिंगल 'एलिज़ाबेथ टेलर' के लिए स्विफ्ट ने एक भावुक म्यूज़िक वीडियो जारी किया है, जो हॉलीवुड की अभिनेत्री एलिज़ाबेथ टेलर को भव्य श्रद्धांजलि है। गायिका ने अपने प्रशंसकों को तब चौंका दिया, जब उन्होंने इस वीडियो को विशेष रूप से स्पॉटिफाई और एप्पल म्यूजिक के सब्सक्राइबर्स के लिए जारी किया।



# 'मैड अबाउट यू' छोड़ने पर दुविधा में थीं लिसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार लिसा कुड्रो को आज भी लोग फीबी बुफे के रोल में याद करते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस शो ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई, उसी को लेकर शुरुआत में वह पूरी तरह आश्वस्त नहीं थीं। दरअसल, जब उन्हें 'फ्रेंड्स' में कास्ट किया गया, तब वह पहले से ही एक दूसरे शो 'मैड अबाउट यू' में काम कर रही थीं और उसे छोड़ने को लेकर असमंजस में थीं। लिसा कुड्रो ने कहा, मैं 'मैड अबाउट यू' में अपने रोल को लेकर काफी गर्व महसूस करती हूं। इस शो में मेरा किरदार एक वेट्रेस का था। बेशक वह छोटा रोल था, लेकिन मेरे करियर के लिए काफी अहम था। ऐसे में जब मुझे 'फ्रेंड्स' का ऑफर मिला, तो मैं असमंजस में थी। मुझे यह डर था कि नया शो सफल होगा या नहीं, क्योंकि टीवी इंडस्ट्री में कई बार अच्छे शो भी ज्यादा समय तक नहीं चल पाते।




# मृणाल की 'डकैत' 10 को होगी रिलीज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की अपकमिंग फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म की कहानी एक धोखा खाए आशिक की कहानी है, जो अपनी प्रेमिका से बदला लेता है। मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष, जो शादी और बच्चे का सपना एक साथ देख रहे हैं, लेकिन एक पल में दोनों की जिंदगी बदल जाती है। हरि (अदिवि शेष) जेल के अंदर होता है और मृणाल ठाकुर उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दे रही है। हरि बेगुनाह होने के बाद भी जेल में जिंदगी काटता है और मृणाल से बदला लेने का प्लान करता है। कहानी में बड़ा ट्विस्ट भी दिखाया गया है। कहानी में मृणाल ठाकुर एक बच्ची की मां बन चुकी है और हरि को इस बारे में नहीं पता।




# 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर आउट...

**मुंबई।** विजय सेतुपति ने फिल्म 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर लुक जारी किया है। फिल्म 'डोंट स्लीप' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर शमदत ने पहली बार किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका इंद्रराम निभा रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट में रविंद्र विजय, ताबा रीमा, ज्योती बनर्जी, सुनील थापा और आदुकलम नरेंद्र जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म के पहले पोस्टर में बर्फ से ढके पहाड़ों पर एक डरावना सीन दिखाया गया है। इंद्र राम की आंखें बंद हैं और उनके माथे पर पट्टी बंधी हुई है, जबकि रवींद्र विजय हाथ में बंदूक लेकर उनका पीछा कर रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म की कहानी को दर्शाता है। शमदत ने 'उप्पेना', 'विरुपाक्षा' और 'थंडेल' जैसी फिल्मों में शानदार कैमरा वर्क किया है।

## टीवी मसाला

# मानसिक रूप से परेशान दीपिका, बयां किया दर्द

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों कैंसर के बाद हुए सिस्ट के दर्द से जूझ रही हैं। उन्होंने हाल में ही अपने ब्लॉग में अपने दर्द को बयां किया है। उन्होंने ये भी बताया कि ये दौर उनके लिए काफी मुश्किल है।



पिछले कुछ महीनों से लीवर कैंसर स्टेज 2 जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहीं दीपिका ने हाल ही में अपने यूट्यूब ब्लॉग के जरिए प्रशंसकों के साथ एक भावुक अपडेट साझा किया है। जून 2025 में ट्यूमर रिमूवल सर्जरी और उसके बाद चले लंबे इलाज के बाद, अब एक नई स्वास्थ्य संबंधी रुकावट ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। दीपिका ने अपने नए वीडियो में खुलासा किया कि कैंसर के इलाज के कुछ महीनों बाद उन्हें री-अकरेंस का सामना करना पड़ा है। उनके शरीर में 1.3 सेंटीमीटर का एक छोटा सिस्ट दोबारा पाया गया है, जिसने उन्हें अंदर से झकझोर दिया है। सर्जरी के बाद दीपिका ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि इस खबर ने उन्हें डरा दिया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इस दोबारा हुई समस्या और सिस्ट की खबर ने मुझे हिला दिया है। मैं थोड़ी घबरा गई हूं कि आखिर ऐसा क्यों हुआ और आगे मेरे लिए क्या चुनौतियां आने वाली हैं।' उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह इसी सोच में डूबी थीं, जिसके कारण वह अपना ब्लॉग भी पूरा नहीं कर पा रही थीं। बीमारी ने दीपिका की जीवनशैली और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है।

# मायसा का फर्स्ट लुक रिलीज

*रश्मिका मंदाना स्टारर 'मायसा' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फैंस को इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। अपनी वर्सटैलिटी और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली रश्मिका ने अपनी परफॉरमेंस से हमेशा दर्शकों को सरप्राइज किया है, 'मायसा' में उनका लुक देख कर फैंस फिल्म के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म उन्हें एक निडर और दमदार रोल में दिखाएगी, जो उनकी ऑन-स्क्रीन इमेज को पूरी तरह बदल सकता है।*



**मुंबई।** मेकर्स ने एक कमाल का नया पोस्टर रिलीज किया है जिसमें टैलेंटेड स्टार पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रही हैं। यह मोनोक्रोम पोस्टर उनके इंटेंस लुक को कैप्चर करता है, जहां उनके चेहरे पर धूल और खून लगा है। जो उनकी रॉ पावर और इमोशन्स को साफ दिखाता है। यह दिलचस्प पोस्टर एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करता है जो बोल्ड और रफ है, जिसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को तुरंत बढ़ा दिया है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उसने अपनी चमक से राज किया। अपनी ग्रेस से दिल जीते। अब वो आ रही है अपनी बेमिसाल रफ़्तार और गुस्से के साथ। तैयार हो जाइए उनकी अब तक की सबसे धमाकेदार परफॉरमेंस के लिए. 2026 में सिनेमाघरों में।

# अक्षय ने की ट्विंकल संग पुरानी यादें साझा

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में जहां रिश्ते अक्सर चर्चा और सुर्खियों में बने रहते हैं, वहीं कुछ जोड़ियां ऐसी भी होती हैं जो अपने सादगी भरे और मजबूत रिश्ते से लोगों का दिल जीत लेती हैं। ऐसी ही एक जोड़ी है अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना की, अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके रिश्ते की मस्ती और दोस्ती भी साफ दिखाई देती है। अक्षय कुमार के साझा किया गया यह



वीडियो उनकी मालदीव ट्रिप की पुरानी यादों से जुड़ा हुआ है। इस वीडियो में दोनों एक खूबसूरत जगह पर साथ चलते हुए नजर आते हैं, जहां चारों ओर साफ नीला पानी और शांत माहौल दिखाई दे रहा है। दोनों हाथ में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय कुमार ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मैं हर दिन अपनी पत्नी पर फिदा हो जाता हूं, लेकिन कभी-कभी कोहनी लदने के बाद।

# 50 किलो का लहंगा पहनकर रैंप पर छाईं

*बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने एक टाइम में अपनी अदाओं से सबको दीवाना बना रखा था। वहीं एक्ट्रेस शादी और मां बनने के बाद एक्टिंग से दूर हो गईं। हालांकि, वो सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपने लुक्स से सबका ध्यान खींच लिया।*



**मुंबई।** फैशन वीक में बिपाशा ने दुल्हन के गेटअप में रैंप पर एंट्री ली और जैसे ही उनका लुक सामने आया, सभी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का 50 किलो का लहंगा पहना था, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने गोल्डन एक्सेसरीज पहनी थी और उनका मेकअप भी कमाल का था। इवेंट से उनके कई वीडियोज समाने आए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कोई उनके गॉर्जियस कह रहा है, तो कोई ब्यूटीफुल बता रहा हैं।

बिपाशा बसु ने काम को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब फिर से काम शुरू करने का समय है और मैं बहुत खुश हूं। आप जानते हैं, यह मेरा पुराना प्यार है। मैंने सबसे पहले मॉडलिंग की थी, फिर एक्टिंग की. लोगों का प्यार मुझे हमेशा मिलता रहा है और आज भी मुझे वही प्यार मिला, जिससे मैं बहुत खुश हूं।

# 'धुरंधर 2' में छाया 41 साल पुराना गाना, दर्शकों में मचा रहा धूम

**मुंबई।** 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार कमाई कर रही है। इसकी सफलता के पीछे दमदार एक्शन, कहानी, निर्देशन और कलाकारों के साथ-साथ इसका बैकग्राउंड म्यूजिक और गाने भी हैं, जो हर तरफ छाए हुए हैं। फिल्म के दोनों भागों में कई पुराने गानों को रीमेक किया गया है, लेकिन 'धुरंधरः द रिवेंज' में एक ऐसा गाना है, जो लोगों के लिए काफी सरप्राइजिंग था। जैसे ही थिएटर में ये गाना बजा, हर तरफ सीटियां और तालियां गूंजने लगीं।

## फिल्म में कई पुराने गाने शामिल

धुरंधर 2 में म्यूजिक के तौर पर कई पुराने गाने शामिल किए गए हैं और जब ये गाने बजते हैं तो दर्शक भी इसकी वाइब से खुद को जोड़ पाते हैं। ये गाने नॉस्टैल्जिक टच भी देते हैं और पूरी फिल्म के दौरान ये वाइब बनी रहती है। लेकिन जैसे ही 41 साल पुराना राजेश खन्ना की फिल्म का गाना बजता है तो कान खड़े हो जाते हैं। ये गाना आपने टीवी, रेडियो पर जरूर सुना होगा, जिसके बोल हैं 'कभी बेखुदी ने मारा', जिसे 41 साल पहले किशोर दा ने आवाज दी थी।



***कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल :*** धुरंधरः द रिवेंज में किशोर कुमार के 'कभी बेखुदी ने मारा' के अलावा और भी कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल किया गया है। धुरंधर 2 में तम्मा तम्मा लोगे, ओए ओए... तिरछी टोपी वाले, हम प्यार करने वाले जैसे गाने शामिल हैं। इससे पहले दिसंबर 2025 में रिलीज हुए पहले भाग 'धुरंधर' में भी कई पुराने गाने सुनने को मिले थे, जिन्हें दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में अरमान (1981) का 'रंभा हो' और 'दस मैं की प्यार विचों खटिया' जैसे गाने सुनने को मिले थे।

***सुरों के सरताज किशोर कुमार ने दी थी आवाज :*** हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना पर फिल्माया गया गाना 'कभी बेखुदी ने मारा' 1985 में रिलीज हुई फिल्म 'अलग-अलग' का है, जिसे सुरों के सरताज किशोर दा ने आवाज दी थी और संगीतकार की जिम्मेदारी आरडी बर्मन ने निभाई थी। धुरंधरः द रिवेंज में ये गाना तब सुनाई देता है जब हमजा (रणवीर सिंह) आलम (गौरव गेरा) को अपनी एक स्पाई बनने से पहले की दास्तान सुनाता है। जैसे ही थिएटर में ये धुन बजती है, देखते ही दर्शकों के सरप्राइजिंग रिएक्शन आने लगते हैं।

## खबर संक्षेप

### नौकरी का झांसा, थमा दिया फर्जी नियुक्ति पत्र

**रायगढ़।** सारंगढ़ कलेक्टोरेट में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी का झांसा देकर भतीजी की सहेली से साढ़े तीन लाख ठगी का मामला सामने आया है। युवक ने राशि लेकर उसे फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया था। उसकी जांच कराई तो पता चला नियुक्ति पत्र ही फर्जी है। इसके बाद जब युवती को ठगी का एहसास हुआ तो कोतरा रोड थाने में मामला दर्ज कराई है। पुलिस पे धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतरा रोड निवासी पदमिनी यादव पिता जयलाल यादव ने कोतरा रोड थाने में लिखित शिकायत की है। उसने बताया कि उसकी भतीजी के माध्यम से बैकुंठपुर निवासी हरीश मिश्रा से उसकी जान पहचान हुई थी। हरीश ने उसे सारंगढ़ कलेक्टोरेट में कम्प्यूटर ऑपरेटर की संविदा नौकरी लगा देगा। उसने इसके लिए पैसे की डिमांड की। नौकरी की आस में युवती ने अपने भतीजी के माध्यम से बीते 9 फरवरी से 22 मार्च तक ऑनलाइन 3 लाख 8 हजार 500 भेजा था। उसके बाद उसने स्वंय के फोन से 23 मार्च को 30 हजार ऑनलाइन भेजा था। रुपए देने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो हरीश से पूछताछ किया। हरीश टाल-मटोल करता रहा। इसी बीच उसकी भतीजी के माध्यम से एक कॉल लेकर कॉल मी सर्विसेस नामक संस्था का उसे दिया गया। नियुक्ति पत्र देने के बाद हरीश मिश्रा ने उसे रायगढ़ कलेक्टोरेट में मिलने के कहा। पदमिनी ने जब रायगढ़ कलेक्टोरेट पहुंच उसे फोन किया तो उसका नंबर ही बंद हो गया था। वहीं हरीश द्वारा दिए गए नियुक्ति पत्र को जब कलेक्टोरे के किसी अधिकारी को दिखाई तो उसे फर्जी होने की जानकारी मिली।

### चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना, पार कर दिया नकदी

**रायगढ़।** चोरों ने दो सूने मकानों को निशाना बनाते हुए नकदी समेत करीब एक लाख के सामान पर हाथ साफ कर दिया है। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चोरी का वारदात धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ के ग्रामीण अंचल में ग्रामीण परिवार सहित महुआ बीनने जा रहे हैं जिससे उनके सूने मकान को चोर निशाना बना रहे हैं। धरमजयगढ़ थानांतर्गत ग्राम ढोढ़ागांव में एक ही दिन में दो मकानों में चोरी होने का मामला सामने आया है। ढोढ़ागांव निवासी कांसीराम राठिया गुरूवार की सुबह 8 बजे अपने घर में ताला लगाकर परिवार के साथ महुआ बीनने खीर खुडी झरिका गया था। तकरीबन 10 बजे जब वह घर पहुंचा तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पकड़ा था। चोरी की आशंका को देखते हुए पीड़ित ने जब आलमारी चेक की जांच की तो सोने की माला, एक जोड़ी नाक की फूली दो नग कान की फूली, तीन जोड़ी चांदी की पायल, चांदी का कमर छल्ला के अलावा कांस की थाली समेत 6 नग कांस का लोटा और जमीन का पट्टा गायब था।

### आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई 7 साल की सजा

**घरघोड़ा।** थाना छाल के अनुसार घटना 04 अगस्त 2019 की रात 10 बजे की है जब घनाराम एवं परश राम नावापारा छाल मेन रोड से घर आ रहे थे। उसी समय विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के पास उनकी मोटर साइकिल रोक कर आरोपी प्रताप बरवा पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा तथा जान से मारने की धमकी देते हुए हाकी स्टीक से प्राण घातक हमला कर दिया। जिससे आहत घना राम के गर्दन कमर गंभीर चोट आई एवं आहत परश राम को हाथ एवं शरीर में चोट लगी थी। मौके पर मौजूद विमल राठिया, स्वप्निल सारथी ने बीच बचाव किया और आहत गण को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाए। प्रार्थी शैलेष यादव की सूचना के आधार पर तत्कालीन उप निरीक्षक हुलस राम जायसवाल ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया और प्रकरण विवेचना उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 307, 323, 341, 294, 506 एबी के तहत अभियोग पत्र दाखिल किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने प्रकरण में सुनवाई करते हुए सभी साक्षियों के बयान दर्ज किए।

## कांसाबेल मंडल में पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान में कार्यकर्ताओं को मिला मार्गदर्शन

# संगठन की मजबूती का आधार है प्रशिक्षण: गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कांसाबेल मण्डल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन हुआ। कार्यशाला में संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक आधार और आधुनिक कार्यपद्धति को लेकर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिसमें अनुभवी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने सरकार की उपलब्धियों को विस्तार और प्रभावशाली ढंग से रखते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प के साथ कार्य करते हुए समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, महिला और युवा—सभी वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, वहीं किसानों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाकर जनता के साथ मजबूत संवाद स्थापित करें। इसके अतिरिक्त आनंद शर्मा ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, दिनेश गुप्ता ने "कार्य विस्तार हमारी पद्धति" तथा आलोक सारथी ने पार्टी के इतिहास एवं विकास विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता सुदाम पंडा, गणेश जैन, धरमपाल अग्रवाल, आलोक सारथी, सूरज साय, लक्ष्मण बंजारा एवं समरजीत चांद ने की। कार्यशाला का सफल संचालन घनश्याम अग्रवाल एवं केशव पांडेय ने संयुक्त रूप से की। सरगुजा जिला संगठन सह प्रभारी एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ,सूर्यनाथ साय, अरविन्द गुप्ता ,सूरज साय,भारत साय ,जयनन्दन राम, नारायण दास ,त्रिलोचन यादव ,काशीराम जी ,पावन यादव ,लक्ष्मण बंजारा ,लारषु मिर्धा ,अरविन्द स्वर्णकार ,अंशु जैन ,महेश नाग ,खगेन्द्र जी, मनप्यारी बाई ,शिप्रा दास, सोनिका पाण्डेय ,मेधा सारथी , नरेश चौहान, अमित जिंदल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बूथ स्तर पर ही दिखाई देती है असली ताकत

जिला भाजपा महामंत्री मुकेश शर्मा ने बूथ प्रबंधन विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर पर ही दिखाई देती है। उन्होंने प्रत्येक बूथ को मजबूत करने, मतदाता सूची के सतत परीक्षण और सक्रिय संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि बूथ सशक्त होगा तो संगठन अपने आप मजबूत होगा और चुनावी सफलता सुनिश्चित होगी।

### एक सशक्त वैचारिक आंदोलन

जिला भाजपा महामंत्री मनीष अग्रवाल ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त वैचारिक आंदोलन है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को आधार बताते हुए कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पार्टी की विचारधारा को समझकर ही जनसेवा में जुटें, तभी संगठन का कार्य प्रभावी और दीर्घकालिक होगा।

### अनुशासन पर आधारित

जिला भाजपा उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव ने कार्यपद्धति विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि संगठन की कार्यशैली अनुशासन, समन्वय और निरंतरता पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को समयबद्ध, योजनाबद्ध और परिणामोन्मुखी कार्य करने की प्रेरणा दी तथा संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### 12 सालों से लंबित हैं कई मामले निबटाने में जुटे टीआई

**पुसौर।** पुसौर थाने में टीआई का पदभार ग्रहण करते ही हर्षवर्धन सिंह ने 2014 से लंबित फाईलों को निपटाने के लिए सभी फाईलों को खंगालना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी अनुसार टीआई हर्षवर्धन सिंह बिलासपुर हाई कोर्ट में अधिवक्ता थे इसके बाद इन्होंने टीआई की नौकरी की जिन्हें अब तक कई थानों में ड्यूटी करते हुए सालों हो चुके हैं। पुसौर में हुए गेंग रेफ के विवेचना के समय जिला पुलिस प्रशासन द्वारा इनकी ड्यूटी लगाई गई थी। सौजन्य मुलाकात के लिए आ रहे लोगों ने इनके सुरक्षा प्रशासनिक सेवा के बीच एक कुशल अधिवक्ता की छवि देख रहे हैं। जिसके कारण लोगों को अब ये भरोसा होने लगा है कि आपराधिक कृत्यों में जो भी धाराएं आरोपित होगी वह ला पुस्तक देख कर ही होगी। इस तथ्य की पुष्टि सुपा मण्डल के पूर्व अध्यक्ष एवं रनभाठा सरपंच राजकुमार छत्तर ने करते हुए कहा कि यदि कोई अधिवक्ता के साथ टीआई भी हो तो अपराधी को बचने के रास्ते नहीं मिलते वहीं निरपराध व्यक्ति विवेचना के बीच लपेटे में नहीं आते। ज्ञात हो कि क्षेत्र में हो रहे चोरी को लेकर रात 12 बजे के बाद क्षेत्र में गश्त होना शुरू हो गया है।

## उत्कल समाज की बहु उपयोगी पत्रिका सुविधा का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति की पत्रिका सुविधा का विमोचन हुआ है। यह पत्रिका सभी के लिये अत्यंत बहु उपयोगी तथा समाज की कई महत्वपूर्ण जानकारीयां प्रदान करने वाली पत्रिका है एजिसकी प्रत्येक उत्कली परिवार में एक एक प्रति का होना आवश्यक है।18 वर्ष के लंबे अंतराल के पश्चात उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति की यह बहुप्रतिक्षित पत्रिका सुविधा के तृतीय संस्करण का विमोचन गत 1 अप्रैल को उडिसा राज्य की स्थापना दिवस के अवसर पर सीएम विष्णुदेव साय, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, झारसुगड़ा के विधायक टंकधर त्रिपाठी, महापौर जीवर्धन चौहान तथा उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ प्रकाश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। उल्लेखनीय हें कि यह पत्रिका इसके पूर्व समिति द्वारा 2008 में प्रकाशित किया गया था।

### घरघोड़ा में महर्षि कश्यप जयंती का आयोजन

**घरघोड़ा।** रौनियार समाज घरघोड़ा इकाई द्वारा महर्षि कश्यप जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह के साथ कर्मचारी भवन, जय स्तंभ, घरघोड़ा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि कश्यप के विधि विधान से वंदन एवं पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के बुजुर्गों का सम्मान कर उनके अनुभव एवं आशीर्वाद प्राप्त किए गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया तथा समाज की एकता और परंपरा का सुंदर प्रदर्शन किया। इस आयोजन में समाज के सभी परिवारों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में जलपान, भोजन एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। समाज के प्रत्येक सदस्य के सहयोग, समर्पण एवं सहभागिता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## पुनरुत्थान की रोशनी से जगमगाया जशपुर



**जशपुरनगर।** पास्का पर्व पर जिले में रविवार को आस्था का उत्सव अपने चरम पर नजर आया। प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की खुशी में मनाए जाने वाले ईस्टर संडे पर महागिरजाघर सहित जिले के विभिन्न चर्चों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

'हल्लेलुया' के जयघोष और घंटियों की गूंज के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं, जहां श्रद्धालुओं ने मोमबत्तियां जलाकर, बाइबिल का पाठ कर और प्रभु यीशु को याद करते हुए उनके पुनर्जीवित होने की खुशी मनाते हुए

लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईस्टर की शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरे शहर में भाईचारे और प्रेम का संदेश फैलता नजर आया। ईसाई धर्म में गुड फ्राइडे को प्रभु यीशु के बलिदान का दिन माना जाता है, जबकि तीसरे दिन यानी रविवार को उनका पुनरुत्थान हुआ था। इसी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक घटना की स्मृति में ईस्टर संडे मनाया जाता है, जिसे 'पास्का' भी कहा जाता है। मान्यता है कि पुनर्जीवित होने के बाद यीशु मसीह 40 दिनों तक पृथ्वी पर रहे और अपने शिष्यों को प्रेम, क्षमा और करुणा का संदेश दिया। यही कारण है कि ईस्टर को नई आशा, नवजीवन और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक माना जाता है।

प्रार्थना में डूबे श्रद्धालु- महागिरजाघर, शांति भवन सहित जिले के विभिन्न चर्चों में सुबह से ही विशेष प्रार्थना का दौर शुरू हो गया था। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में चर्च पहुंचे और सामूहिक प्रार्थना में शामिल हुए।मोमबत्तियों की रोशनी और भजनों की मधुर धुन के बीच श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की खुशी मनाई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर आयु वर्ग में उत्साह देखने को मिला।

पवित्र जल से मिला आशीर्वाद-शांति भवन चर्च में ईस्टर के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। फादर अजय केरकेट्टा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईस्टर केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन में आत्मिक जागृति और सुधार का अवसर है। उन्होंने बताया कि इस दिन पवित्र जल का छिड़काव कर मण्डली को आशीर्वाद दिया जाता है, जो बपतिस्मा और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। यह परंपरा लोगों को अपने जीवन में नई शुरुआत करने और बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा देती है।

## साइबर ठगी पर करारा वार, ख़ौफ़ द डिजिटल वॉर की लॉन्चिंग



**जशपुरनगर।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर के विशिष्ट कम्युनिटी हॉल सभागार में शॉर्ट फिल्म 'ख़ौफ़ द डिजिटल वॉर' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कौशल्या देवी साय तथा प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और स्थानीय कलाकारों की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान फिल्म की विषयवस्तु और इसके सामाजिक संदेश पर विशेष चर्चा हुई। फिल्म में वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और डिजिटल धोखाधड़ी के विभिन्न पहलुओं को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया है। इसके माध्यम से लोगों को सतर्क रहने और सावधानी बरतने का संदेश दिया गया है।फिल्म के लेखक, निर्देशक एवं अभिनेता के रूप में एसएसपी शशि मोहन सिंह की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने एक पीड़ित शिक्षक का किरदार निभाते हुए साइबर ठगी के प्रभाव को संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत किया। फिल्म में उनके पुत्र ऋभु समर्थ सिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**खास बात**

- एसएसपी शशि मोहन सिंह की लिखी-निर्देशित की फिल्म
- खुद निभाया पीड़ित शिक्षक का किरदार

स्थानीय कलाकारों को मिला मंच- फिल्म में प्रवीण अग्रवाल, कुंदन सिंह, वंशिका गुप्ता, लायरा जैन और राम प्रकाश पाण्डेय सहित स्थानीय कलाकारों ने अभिनय किया। सभी कलाकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे सीखने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय ने कहा कि इस प्रकार की फिल्में समाज में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने पुलिस विभाग और फिल्म से जुड़े सभी कलाकारों को बधाई दी।प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने कहा कि साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता आज की आवश्यकता है और इस तरह के प्रयासों को व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जाना चाहिए।

### नाट्य महोत्सव से जुड़ी पहल

राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के प्रमुख डॉ. आनंद पाण्डेय ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता है और वे सामाजिक विषयों पर अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम के अंत में एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि फिल्म का उद्देश्य लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं।

### सबसे अधिक उम्र वाले रक्तदाता रहे घनश्याम

**पुसौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में योजना के मुताबिक बीते शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन बीएमओ डा. विनोद नायक के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में लगभग 10 बजे प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल, मण्डल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता पार्षद निराकार पटेल, रूपेश साव सहित अन्य लोग शामिल होकर भगवान धन्वन्तरी की पूजा अर्चना की गई। जानकारी के मुताविक खुन कलेक्शन के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय से एक्सपर्ट बुलाए गए थे जिन्होंने रक्तदान करने वाले लोगों की सर्वप्रथम जांच की इसमें कई दानदाताओं के खुन नेगेटीव होने से उनका नाम और मोबाईल नंबर सुरक्षित रख लिया गया वहीं 17 युनिट पाजीटीव खुन ग्रुप वाले दानदाताओं से खुन लिया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को मिली एम्बुलेंस



**पुसौर।** वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को एक नया एम्बुलेंस मिला है। जो मरीजों को लाने ले जाने के लिए कारगर साबित होगी। जानकारी के मुताबिक उक्त एम्बुलेंस बीते शनिवार को अस्पताल में लाया गया। जिसका पूजा अर्चना बीएमओ डा.विनोद नायक एवं उनके टीम द्वारा की गई। जिसमें नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल, मण्डल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता पार्षद रूपेश साव, निराकार पटेल सहित अन्य लोग शामिल थे। बताया जाता है कि हास्पिटल में जितने भी एम्बुलेंस हैं वे पुराने हो चुके हैं जिसके खराब होने की वजह से आए दिन जाते आते समय मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## हॉस्टल का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर, वाशरुम में गंदगी देख भड़के, सुधार करने का निर्देश



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आदिवासी छात्रावास का गुरुवार को औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास के वाशरूम की स्थिति ठीक नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए।

- भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई सुधारने के दिए कड़े निर्देश
- कमरों की जांच कर छात्राओं से पढ़ाई और व्यवस्था की ली जानकारी

उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा सब्जी और अन्य खाद्य सामग्री बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रही छात्राओं की पढ़ाई, भोजन व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति को बारीकी से देखा तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्हें बताया गया कि छात्रावास में वर्तमान में 82 छात्राएं निवासरत हैं और यहां कक्षा 6वीं से 8वीं तक का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने सबसे पहले भोजन कक्ष का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने छात्राओं से सीधे बातचीत कर भोजन के बारे में जानकारी ली और पूछा कि उन्हें समय पर और अच्छा भोजन मिल रहा है या नहीं। इसके बाद कलेक्टर ने छात्रावास के कमरों का निरीक्षण किया, जहां 9वीं से 12वीं तक की छात्राएं अध्ययन कर रही थीं। उन्होंने कमरों में रहने की व्यवस्था, छात्रों की संख्या और सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

### कलेक्टर ने दी चेतावनी लापरवाही तो कार्रवाई

कक्षा 11वीं की छात्रा मीनाक्षी से बातचीत करते हुए कलेक्टर ने पढ़ाई की स्थिति के बारे में पूछा और यह भी जाना कि एक कमरे में कितनी छात्राएं रहती हैं। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नियमित निगरानी रखने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए।

## पूर्व विधायक जगेश्वर राम भगत का निधन

**जशपुरनगर।** जिले के पूर्व विधायक, वरिष्ठ आदिवासी नेता और सामाजिक कार्यकर्ता जगेश्वर राम भगत का रविवार की शाम जिला अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे जिले में शोक की लहर फैल गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, उन्हें अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। चिकित्सकों ने प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। जगेश्वर राम भगत जशपुर क्षेत्र की राजनीति में एक सशक्त और जनप्रिय चेहरा रहे हैं। वे न केवल पूर्व विधायक रहे, बल्कि आदिवासी समाज के उत्थान और अधिकारों के लिए निरंतर सक्रिय रहे। वे वनवासी कल्याण आश्रम की सरहुल समिति के अध्यक्ष के रूप में भी समाज और संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक, सामाजिक और आमजन में गहरा शोक व्याप्त हो गया। कई जनप्रतिनिधियों, 1सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।




